QC TIMES

1ST APRIL–30TH JUNE 2015

QCFI BHILAI CHAPTER EDITOR- SATYAWAN NAYAK

TRAINING FOR TRAINERS PROGRAMME
25-28 MAY 2015

- Organised By -

QUALITY CIRCLE FORUM OF INDIA
BHILAI CHAPTER

क्यू.सी.एफ.आई. भिलाई चैप्टर, का गरिमामय आयोजन

"ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स" प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ,

श्री डेगन ने किया उद्‌घाटन

देश–प्रदेश से 36 प्रतिभागियों ने लिया भाग

देश के 13 प्रतिष्ठित संस्थानों ने की शिरकत

क्वालिटी कनसेप्ट पर प्रशिक्षण

QC TIMES

1ST APRIL–30TH JUNE 2015

QCFI BHILAI CHAPTER EDITOR- SATYAWAN NAYAK

क्वालिटी सर्कल फोरम आफ इंडिया, भिलाई चैप्टर द्वारा होटल कैम्बियन में "क्वालिटी कनसेप्ट पर आधारित ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स" पर गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र. के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तथा क्यूसीएफआई भिलाई चेप्टर के अध्यक्ष श्री वाई के डेगन ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री वाई के डेगन सहित क्यू.सी.एफ.आई., हैदराबाद के कार्यपालक निदेशक श्री डी. के. श्रीवास्तव एवं क्यूसी.एफ.आई. भिलाई चैप्टर के सेक्रेटरी तथा क्यूसीएफआई के बोर्ड मेम्बर श्री जी. पी. सिंह विशेष रूप से मंचस्थ थे। इसके अतिरिक्त भिलाई चेप्टर के काउंसिल मेम्बर सर्वश्री एन के देठे, सुनील देशमुख, एस एस मट्टू, आर के मैनी, अनिल मिश्रा, जे मनीष कुमार, पंकज पाठक तथा सत्यवान नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में देश के 13 प्रतिष्ठित संस्थानों के 36 कर्मचारी व अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेशनल थर्मल पॉवर कारपोरेशन, भिलाई इस्पात संयंत्र, एसीसी, जिंदल पावर, एनएसपीसीएल, बीईसी, नेलसन इंजीनियरिंग, जे पी सीमेंट, के ई सी इंटरनेशनल श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, ओडिसा सिमेंट लिमिटेड, राजगंगपुर, एवं एसईसीएल, जेक ल क्ष्मी सीमेंट के प्रतिभागियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्यूसी.एफ.आई. भिलाई चैप्टर के सेक्रेटरी श्री जी. पी. सिंह ने प्रतिभागियों व अतिथियों का स्वागत करते हुए भिलाई चेप्टर की उपलब्धियों से रुबरु कराया।

इस अवसर मुख्य अतिथि श्री वाई के डेगन ने ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मानव संसाधन को बेहतर बनाने की प्रक्रिया है। उद्योगों के मध्य जो फर्क हम देखते हैं वह वास्तव में वहां काम करने वाले कार्मिको से उत्पन्न होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम अपने कार्यबल का समग्र विकास कर सकते हैं। मानव संसाधन का विकास ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। मुझे विश्वास है कि इस प्रशिक्षण के बाद आप सभी अपने संगठन में प्रकाश पुंज की तरह कार्य करेंगे। क्वालिटी कनसेप्ट को अपनाने से न केवल आपके संगठन के परफारमेंस में वृद्धि होगी, अपितु आपके जीवन में भी गुणात्मक परिवर्तन आयेगा। क्यू.सी.एफ.आई., हैदराबाद के कार्यपालक निदेशक श्री डी. के. श्रीवास्तव जी ने कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सफलता वहां कार्यररत मानव संसाधन पर निर्भर करती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम प्रत्येक संगठन के कार्मिकों को बेहतर निष्पादन हेतु भागीदार बनाने का महती प्रयास किया जा रहा है।आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में निरंतर आगे बढ़ने के लिए हमें क्वालिटी कनसेप्ट को ग्रास रुट लेवल तक पहुंचाना है। जिससे हम निरंतर नई उंचाईओं को प्राप्त कर सकें।

क्यू.सी.एफ.आई., हैदराबाद के कार्यपालक निदेशक श्री डी. के. श्रीवास्तव जी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि इन चार दिनों में इस प्रशिक्षण के तहत प्रतिभागियों को काइजन, क्वालिटी सर्कल, लीन क्वालिटी सर्कल तथा 5 एस जैसे क्यूसी कॉनसेप्ट तथा स्टेटेस्टिक क्वाालिटी कन्ट्रोल, टूल्स के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी ।जायेगी तथा प्रत्येक टूल्स के इस्तेमाल का अभ्यास भी कराया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन क्यूसी.एफ.आई. भिलाई चैप्टर के काउंसिल मेम्बर श्री अनिल मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन श्री एन के देठे ने संपन्न किया।

QC TIMES

1st April–30th June 2015

QCFI BHILAI CHAPTER   EDITOR- Satyawan Nayak

QC TIMES

1st April–30th June 2015

QCFI BHILAI CHAPTER EDITOR- SATYAWAN NAYAK

क्यू सी की की अनुपम नीति।
सीखी सबने काम की रीति।।